जल जीवन मिशन में इंदौर संभाग अव्वल

चर्चा में क्यों?

25 मार्च, 2022 तक जल जीवन मिशन में प्रदेश की समग्र ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति करवाकर इंदौर संभाग प्रदेश में अव्वल है।

प्रमुख बिंदु

- इंदौर संभाग में मिशन के ज़रिये अब तक 9 लाख 67 हज़ार ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध कराया जा चुका है।
- मिशन में इंदौर ज़िले की 387, धार ज़िले की 412, झाबुआ ज़िले की 425, बड़वानी ज़िले की 265, अलीराजपुर ज़िले की 114, खरगौन ज़िले की 380, खंडवा ज़िले की 313 तथा बुरहानपुर ज़िले की 83 जल संरचनाएँ शामिल हैं।
- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इंदौर संभाग के आठों ज़िलों में अब तक 2671 करोड़ 69 लाख 32 हज़ार रुपए लागत की 2379 जल-प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति दी जा चुकी है।
- विभाग द्वारा मिशन के मापदंडों के अनुसार इन ज़िलों के लिये नवीन और रेट्रोफिटिंग के रूप में स्वीकृत सभी जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य सतत् रूप से जारी हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indore-administrative-division-tops-in-jal-jeevan-mission